इंदौर, मंगलवार 27 जनवरी 2026
■ वर्ष : 5 ■ अंक : 78
■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2
dainikindoresanket.com
dainikindoresanket
dainikindoresanket
dainikindoresanket24@gmail.com

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

**अंदर के पन्नों पर...**

स्कूल परिसर में पेड़ों पर चली आरी



पेज-3

2 महीने से सड़क काम अधूरा



पेज-4

# गोलू शुक्ला द्वारा सेवा की अनूठी पहल

## शासकीय स्कूल के गरीब बच्चों को कंप्यूटर सीखने के लिए कंप्यूटर दिए दिए

इंदौर में राजनीति के क्षेत्र में सेवा का अगर कोई नाम है तो वह है सनातनी विधायक गोलू शुक्ला। चाहे बेजुबान जानवर हो या चाहे गरीब हिंदू जन हो या फिर चाहे गरीब बच्चे क्यों न हो, सभी की सहायता के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं सनातनी विधायक गोलू शुक्ला।





**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● सनातनी विधायक गोलू शुक्ला द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में प्रारंभ की गई जनकल्याणकारी पहल के अंतर्गत शनिवार को शासकीय संयोगितागंज उच्च माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के 21 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप, साथ ही स्कूल बैग, प्रमाण पत्र एवं वाटर बॉटल वितरित किए गए। इस अवसर पर सनातनी विधायक गोलू शुक्ला ने कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है। विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधन उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। लैपटॉप एवं शैक्षणिक सामग्री पाकर विद्यार्थी उत्साहित नजर आए, वहीं अभिभावकों ने इस सहयोग के लिए विधायक का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने अपने संबोधन में विद्यालय जीवन से जुड़े प्रेरक एवं रोचक अनुभव साझा किए। वहीं मुख्य वक्ता प्रो. राजीव शर्मा ने विद्यार्थियों को जीवन में माता-पिता के आशीर्वाद, अनुशासन एवं सनातन संस्कृति के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रेरित किया। समारोह में योगेश मिश्रा (मुन्ना भैया), दीपेंद्र सोलंकी, कैलाश पिपले, नितिन शर्मा, विशाल यादव, रानू अग्रवाल, पार्षद श्रीमती पंखुड़ी डोसी, आशीष शर्मा, मृदुल अग्रवाल, बंटी वर्मा, श्रीमती रुपाली पेंढारकर, श्रीमती भावना चौधरी, सहित विद्यालय के प्राचार्य श्री राजकुमार चेलानी, श्रीमती चंचला बर्वे, श्री राजेंद्र सिंह एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा महाकाल मंदिर गर्भ गृह प्रवेश मामला

## वीआईपी रसूखदारों के बजाय गर्भ गृह में आम आदमी के प्रवेश के लिए याचिका



**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**उज्जैन** ● महाकाल मंदिर गर्भ गृह प्रवेश का मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंच गया है। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकाल के धाम में बीते दिनों गर्भगृह में वीआईपी के प्रवेश को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया है कि महाकाल मंदिर के गर्भगृह में ओहदे और रसूखदार लोगों को प्रवेश मिलता है लेकिन आम जनता को महाकाल के गर्भगृह में जाने से वंचित किया जा रहा है।

**महाकाल के गर्भ गृह में आम जन को मिले प्रवेश**-उच्च न्यायालय द्वारा जारी आदेश जिसमे जिला कलेक्टर को गर्भ गृह प्रवेश हेतु अनुमति के लिए बाध्य माना था , जिस आदेश को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है । इस मामले में जानकारी देते हुए अधिवक्ता चर्चित शास्त्री ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। याचिका में प्रत्येक व्यक्ति को बाबा महाकाल के गर्भ गृह में प्रवेश हेतु आज्ञा और समान व्यवस्था करने की मांग की गई है।

**सिर्फ वीआईपी और रसूखदारों को न मिले प्रवेश-याचिका में मांग**-अधिवक्ता चर्चित शास्त्री ने मामले में जानकारी देते हुए बताया है कि उच्च न्यायालय द्वारा व्यक्तिगत आहत बताकर याचिका निरस्त की गई थी। इसको लेकर सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। अधिवक्ता चर्चित शास्त्री का कहना है कि देश के विभिन्न मंदिरों में सभी व्यक्तियों को गर्भ गृह में प्रवेश करके आराध्य भगवान शिव को जल अर्पित करने की प्रथा लंब समय से चली आ रही है । लेकिन महाकाल मंदिर में आमजन के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

**मंगलवार को होगी मामले पर सुनवाई**-महाकाल मंदिर प्रशासन द्वारा व्यक्ति विशेष को गर्भ गृह में प्रवेश कराया जा रहा है , आम जन के साथ मंदिर प्रशासन लगातार भेदभाव कर रहा है । दायर याचिका में जनता के हितों की मांग की है। इस याचिका पर मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस जॉय माल्या बागची की डबल बेंच में मंगलवार को सुनवाई होगी।

# घर में घुसकर दोस्त के भाई की हत्या

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एरोड्रम थाना क्षेत्र स्थित 60 फीट रोड पर सोमवार को सनसनीखेज वारदात हुई। एक युवक ने घर में घुसकर अपनी दोस्त के परिजनों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में युवती के भाई की मौत हो गई, जबकि युवती और उसकी मां घायल हो गईं। आरोपी ने खुद को भी पेट में चाकू मारकर घायल कर लिया।

टीआई तरुण भाटी ने बताया कि आरोपी को पुलिस ने देर रात एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया है। उसकी हालत खतरे से बाहर है। अस्पताल से छुट्टी होने के बाद उससे पूछताछ की जाएगी।

पुलिस के मुताबिक आरोपी युवक विधान सोलंकी, युवती का दोस्त है। किसी बात को लेकर विवाद के बाद वह विधि के घर पहुंचा और अंदर घुसकर विधि, उसकी मां और भाई वेदांश पर चाकू से वार किए। गंभीर रूप से घायल वेदांश की अरबिंदो अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आरोपी ने खुद को भी चाकू मारे। पुलिस ने उसे काफी देर तक समझाया। फिर हिरासत में लिया। वारदात के बाद आरोपी ने खुद को भी चाकू मार लिया। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही टीआई तरुण भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने घटना के दौरान परिजनों को धमकाया भी था। पूरे मामले की जांच की जा रही है। आरोपी विधान इंदौर के बिजासन रोड का रहने वाला है। उसके माता-पिता नहीं है। वह चाचा-चाची के साथ रहता था। 5 से 6 दिन पहले युवती को परेशान करने की शिकायत लेकर उसके परिजन थाने भी पहुंचे थे। तब पुलिस ने आरोपी को समझाइश दे दी थी। लेकिन, सोमवार रात करीब 10 बजे आरोपी युवती के घर पहुंच गया। उसने विधि पर हमला कर दिया। इस दौरान उसका भाई बीच में आ गया। इंदौर में एक और हत्या का मामला सामने आया है। सोमवार देर रात गाड़ी टकराने के विवाद में एक व्यक्ति शुभम पैलेस कॉलोनी निवासी संजय सिंह रावत की हत्या कर दी गई है।

# इंदौर-खंडवा रेल लाइन में बनेगी 11 टनल, कटाई के पेड़ों की गिनती पूरी




**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर-खंडवा रेल परियोजना से जुड़ी सबसे बड़ी बाधा भले ही दूर हो गई है, लेकिन इस रूट पर अभी भी काम करने में अफसरों की रुचि नहीं है, जबकि सिंहस्थ के समय यह रेलवे लाइन उज्जैन से ओंकारेश्वर को जोड़ने के लिए मददगार रहेगी। वन विभाग ने इस महत्वपूर्ण रेल लाइन के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी कर दिया है, जिससे अब इस परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा सकेगा। इस रूट पर 11 सुरंगों से ट्रेन गुजरेगी। फिलहाल एक टनल का टेंडर हुआ है।

यह रेल लाइन उत्तर भारत को दक्षिण भारत से जोड़ने वाला सबसे छोटा और सीधा रेल मार्ग साबित होगी, जो न केवल इंदौर के व्यापारिक और औद्योगिक भविष्य को नई रफ्तार देगी, बल्कि यात्रियों को भी समय और दूरी दोनों में राहत देगी।

रेलवे अधिकारियों और वन विभाग के बीच संयुक्त बैठक हुई, जिससे इस प्रोजेक्ट की बाधाएं दूर हुईं। देरी होने पर मुख्यमंत्री मोहन यादव तक भी मामला पहुंचा था। अब इस प्रोजेक्ट के लिए वन विभाग से अनुमति मिल गई है। यह रेल मार्ग उत्तर व दक्षिण भारत को जोड़ने वाला सबसे छोटा रेल मार्ग होगा। रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य नागेश नामजोशी ने बताया कि इस लाइन में 11 सुरंगें बनना हैं। अब उनके निर्माण का काम शुरू होगा। जितने पेड़ काटे जाएंगे, उनकी गिनती हो चुकी है। वर्ष 2030 तक यह रूट तैयार हो सकता है।

इंदौर-खंडवा रेल लाइन के पूरा होने के बाद इंदौर का संपर्क सीधे होगा। देश के दूसरे शहरों में जाने वाले यात्रियों को ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग जाने में रेल सुविधा मिलेगी। इंदौर से खंडवा रेल मार्ग जुड़ने के बाद भुसावल, नासिक-मुंबई की ओर की कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इसके अलावा तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और केरल जैसे दक्षिण भारतीय राज्यों से इंदौर सीधे जुड़ जाएगा।

# कार में पुजारी का शव मिला

## सिर में लगी थी गोली, पिस्टल बरामद हुई

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महालक्ष्मी नगर इलाके में आज सुबह 5 बजे एक पुजारी का शव कार में मिला है। बताया जा रहा है कि कार अंदर से लॉक थी, जिसे पुलिस ने कांच तोड़कर खोला। मौके से एक पिस्टल भी बरामद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

खजराना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सतीश शर्मा (36), पुत्र कैलाश शर्मा का शव सुबह करीब 5 बजे महालक्ष्मी नगर के एक सुनसान इलाके में खड़ी कार में मिला। उनके सिर में गोली लगी थी। शव को बाहर निकालकर एमवाय अस्पताल पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सतीश शर्मा लसूड़िया मोरी स्थित एक मंदिर में पुजारी के रूप में कार्यरत थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं, जो साथ रहते हैं। सतीश सोमवार देर शाम पत्नी से पाटनीपुरा से पूजा का सामान लेने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटे। रात करीब 11 बजे उनके रिश्तेदारों को सतीश का फोन आया, जिसके बाद परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की और पुलिस को भी सूचना दी। इसके बाद मंगलवार सुबह करीब 5 बजे उनकी कार महालक्ष्मी नगर क्षेत्र में मिली। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि सतीश शर्मा ने स्वयं को गोली मारी है या उन पर किसी अन्य ने हमला किया है। सतीश मूल रूप से अशोक नगर जिले के निवासी थे। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

## न्यूज ब्रीफ

- केरल कांग्रेस चुनाव समिति की बैठक आज, तिरुवनंतपुरम केपीसीसी कार्यालय में 3 बजे होगा मंथन
- दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा, कार एक्सीडेंट में 4 लोगों की मौत
- गणतंत्र दिवस के बाद राष्ट्रीय ध्वज उतारते समय करंट लगने से ओडिशा में 10वीं के छात्र की मौत
- उत्तर प्रदेश : बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री सस्पेंड किए गए
- 'यूरोप खुद के खिलाफ जंग को फंड कर रहा है', ईयू-इंडिया ट्रेड डील पर बोला अमेरिका
- भारत और यूरोपीय यूनियन के बीच 'मदर ऑफ ऑल डील्स' का ऐलान आज
- लेबनान में इजरायल का एक्शन, हिज्बुल्लाह के बड़े नेता अली नूर को आईडीएफ ने किया ढेर
- हिमाचल में भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट, मनाली में आज बंद रहेंगे स्कूल-कॉलेज
- अमेरिका में बर्फीले तूफान का कहर, अब तक 25 की मौत
- यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस की हड़ताल आज, सरकारी बैंकों के कामकाज हो सकते हैं प्रभावित
- पंजाब : श्री मुक्तसर साहिब में गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के माता-पिता गिरफ्तार
- 'ग्रीनलैंड को लेकर यूरोप ने ताकत और एकजुटता दिखाई', बोलीं डेनमार्क की पीएम फ्रेडरिक्सन
- एमपी कैबिनेट आज : परिवीक्षा अवधि खत्म करने पर लग सकती है मुहर, अनूपपुर में लगेगा 4000 मेगावॉट का नया पावर हाउस
- एमपी में और बढ़ेगी ठंड, साइक्लोनिक सिस्टम के असर से बदलेगा मौसम, कई जिलों पर बारिश का अलर्ट

# सृष्टि कला कुंज की कला प्रदर्शनी को हजारों ने सराहा









**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सृष्टि कला कुंज कला संस्थान के द्वारा विगत दो वर्ष में आयोजित किए गए कला शिविर तथा वर्तमान वर्ष 2026 में आयोजित कला शिविर में सृजित कृतियों की प्रदर्शनी को शहर की प्रीतमलाल दुआ कला दीर्घा आयोजित किया गया, जिसे हज़ारों कला प्रेमियों ने सराहा। प्रदर्शनी का उद्घाटन इंदौर सभाग आयुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर 'तिरंगे के रंग कला के संग' वार्ता का आयोजन किया गया , इस आयोजन में तिरंगे के रंग में चित्रण तथा वार्ता हुई। आयोजन में इंदौर से तथा ग्वालियर संगम ग्रुप से कलाकार शामिल हुए। इस अवसर पर इंदौर शहर के गणमान्य नागरिक एवं इंदौर,ग्वालियर ,भोपाल तथा जबलपुर के वरिष्ठ एवं नवोदित कलाकार उपस्थिति रहे। कार्यक्रम की संयोजिका वंदिता श्रीवास्तव ने बताया गत कई वर्षों से इस तरह की कला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है।अनुराग जड़िया, तृप्ति गुप्ता, उमेन्द्र वर्मा, गौरव जी का सहयोग बना रहता है।


गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश बड़वाया (MA. LLB. MSW.)
अध्यक्ष - ब्लॉक कांग्रेस कमेटी देपालपुर, इन्दौर | 9425481076


JAIN
REAL ESTATE
गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
जैन रियल स्टेट परिवार
लोकेशन :
•इन्दौर •हातोद •देपालपुर
पाएं अपने सपनो का आशियाना
छोटे से बड़े हर भूमि तक भरोसेमंत सलाह के साथ
9165365669, 9826729742, 7828480264


संस्कार पब्लिक हायर सेकण्डरी स्कूल
आपका हार्दिक स्वागत करता है
संस्कार पब्लिक हायर सेकंडरी स्कूल
ग्राम- सिकंदरी ऊषापुरा
प्राचार्य
नीरू राजपूत
डायरेक्टर
अनिल चौकसे
18
वार्षिक
उत्सव
गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं


सहयोग समृद्धि वेलफेयर सोसाइटी
काव्या कोचिंग क्लासेस
Class 1st To 12th
11th, 12th Commerce Accounting
All Subject (Maths & English)
आपकी सफलता ही हमारा लक्ष्य है।
शिक्षा ही जीवन का आधार है
प्रवेश प्रारम्भ
SPOKEN ENGLISH
गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम-आगरा, तह. हातोद, जिला-इन्दौर (म.प्र.)


जय बद्रीनाथ
जय केदारनाथ
21 वर्षों का अनुभव
ॐ साँई राम
तीर्थ यात्रा संघ
ग्राम खड़ी, तह. देपालपुर जिला इन्दौर (म.प्र.)
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक:
सेठ लाखन सोनगरा
9826680443
9425780443
व्यवस्थापक:
सेठ निखिल सोनगरा
9111380443
9009580443
निखिल किराना स्टोर्स, ग्राम खड़ी


ग्राम पंचायत खड़ी
की और से
गणतंत्र
दिवस
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत खड़ी


श्री नाथ ट्रेडर्स देपालपुर
श्री नाथ वेयर हाउस गोकलपुर
की और से
HAPPY
गणतन्त्र
दिवस
26 JANUARY
की आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
विदुर चौधरी गोकलपुर


ॐ सांईराम
कंस्ट्रक्शन
गोकलपुर तह. देपालपुर जिला इंदौर (म.प्र.)
की और से
आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
सेठ गोपाल पटेल (गोकलपुर)


ग्राम पंचायत आकासोदा
की और से आप सभी देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएँ
HAPPY
REPUBLIC DAY
त्रिलोक यादव
सरपंच
ग्राम पंचायत आकासोदा



दैनिक इंदौर संकेत
**इंदौर** ● इंदौर एआईसीटीएसएल के मुख्यालय पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने झंडावंदन किया।

## गौतमपुरा के शासकीय बालक स्कूल में पेड़ों की कटाई पर मचा हंगामा

# जहां पौधारोपण के बड़े आयोजन, वहीं स्कूल परिसर में पेड़ों पर चली आरी

### शासकीय बालक स्कूल में कटाई का मामला गरमाया, नगर में जांच और जवाबदेही की मांग

निलेश चौहान : 94250-77209

**देपालपुर/गौतमपुरा ● दैनिक इंदौर संकेत** देशभर में जहां पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के लिए लगातार वृक्षारोपण अभियान चलाए जा रहे हैं, वहीं गौतमपुरी के सांदीपनि शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पेड़ों की कटाई किए जाने का मामला सामने आया है । विद्यालय परिसर में बड़ी मात्रा में निम व अन्य पेड़ो की कटी हुई टहनियां, पत्तियां और पेड़ों के हिस्से पड़े नजर आए। इस घटना के सामने आते ही नगर में चर्चा और नाराजगी का माहौल बन गया है । स्थानीय नागरिकों का कहना है कि एक ओर नगर परिषद और वरिष्ठजन समय-समय पर नगर में पौधारोपण कर 'प्रकृति बचाओ' का संदेश देते हैं, वहीं दूसरी ओर स्कूल परिसर में इस तरह पेड़ों की कटाई होना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। लोगों ने इसे पर्यावरण संरक्षण के प्रति दोहरा रवैया बताते हुए सवाल उठाए हैं कि जब पर्यावरण दिवस, हरियाली अमावस्या और अन्य अवसरों पर हजारों पौधे लगाए जाते हैं, तो फिर स्कूल जैसे जिम्मेदार संस्थान में पेड़ों को काटने की जरूरत क्यों पड़ी ।



घटना के बाद विद्यालय का मुख्य द्वार भी चर्चा का विषय बन गया है । स्कूल के प्रवेश द्वार पर बोर्ड पर साफ लिखा हुआ है- 'सांदीपनि शा. बा. उ. मा. वि. गौतमपुरा जनपद: देपालपुर, जिला: इंदौर (म.प्र.)' नगरवासियों का कहना है कि जिस शिक्षण संस्थान में बच्चों को अनुशासन, संस्कार और प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने की सीख दी जाती है, वहीं इस तरह की कटाई होना लोगों की समझ से परे है ।

**नगर में विरोध के स्वर तेज, प्रशासन से जांच की मांग**- घटना के बाद पर्यावरण प्रेमियों और जागरूक नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि विद्यालय परिसर में पेड़ों की कटाई के पीछे वास्तविक कारणों की जांच की जाए। साथ ही कटे हुए पेड़ों के बदले विद्यालय में कम से कम दोगुने पौधे लगाए जाएं और उनकी नियमित देखरेख की जिम्मेदारी भी तय की जाए । नागरिकों का कहना है कि स्कूल परिसर केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के संस्कार और सीख का केंद्र होता है । यदि स्कूल ही हरियाली खत्म करेगा तो समाज में पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाए जा रहे अभियानों का संदेश कमजोर पड़ेगा ।

**नगरवासियों की प्रमुख मांगें**- नगरवासियों ने इस मामले में स्कूल प्रबंधन और प्रशासन से मांग की है कि- पेड़ों की कटाई के कारणों की जांच कर स्थिति स्पष्ट की जाए कटाई की अनुमति और जिम्मेदार व्यक्तियों की जवाबदेही तय हो,स्कूल परिसर में हरित क्षेत्र संरक्षण के लिए सख्त निर्देश लागू किए जाएं फिलहाल यह मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग स्कूल प्रशासन से जल्द जवाब की उम्मीद कर रहे हैं ।

#### 26 जनवरी के आसपास कटाई से बच्चों में गलत संदेश की आशंका

स्थानीय लोगों ने विशेष रूप से इस बात पर नाराजगी जताई कि यह कटाई 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्व के आसपास हुई है। नागरिकों का कहना है कि इस समय स्कूलों में देशभक्ति के साथ स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया जाता है। ऐसे समय में पेड़ों की कटाई होने से बच्चों में यह संदेश जा सकता है कि पेड़ लगाना केवल औपचारिकता है, जबकि वास्तविकता में पेड़ों को काटकर प्रकृति को नुकसान पहुंचाया जा सकता है।

#### शिक्षकों/कर्मचारियों पर कटाई कराने के आरोप, जवाबदेही तय करने की मांग

इस पूरे मामले में नगर में चर्चा है कि विद्यालय से जुड़े कुछ जिम्मेदार कर्मचारियों/अध्यापकों द्वारा कटाई कराई गई है। हालांकि इस संबंध में स्कूल प्रबंधन की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। लोगों का कहना है कि यदि सुरक्षा कारणों, निर्माण कार्य, या किसी अन्य मजबूरी में कटाई की गई हो, तो स्कूल प्रशासन को इसकी पूर्व अनुमति, कारण और नियमों के तहत प्रक्रिया की जानकारी सार्वजनिक रूप से देना चाहिए।

## गणतंत्र दिवस पर डॉ. निशा जोशी द्वारा फ्री हेल्थ चेकअप कैंप, मिशन कौन्तेय के छात्रों ने योगासनों में झंडा फहराकर किया राष्ट्रभक्ति का प्रदर्शन



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर निशा जोशी योग एकेडमी एवं योग गंगा योगिक, साइंटिफिक एंड स्पिरिचुअल रिसर्च फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एक प्रेरणादायक एवं जनसेवा आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि दोनों संस्थाएँ पिछले 15 वर्षों से लगातार गणतंत्र दिवस पर योग, संस्कृति और फ्री हेल्थ चेकअप कैंप के माध्यम से समाजसेवा की एक अनूठी परंपरा का निर्वहन कर रही हैं।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात:कालीन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई, जिसमें मिशन कौन्तेय के छात्रों ने देशभक्ति पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर राष्ट्रप्रेम का भावपूर्ण संदेश दिया। इसके पश्चात डॉ.निशा जोशी द्वारा संचालित फ्री योग टीचर ट्रेनिंग कोर्स मिशन कौन्तेय-8 बैच के विद्यार्थियों द्वारा वृक्षासन, वीरभद्रासन, त्रिकोणासन, एकपादासन, भूमिनमन आसन, पद्मासन,मयूरासन, शीर्षासन एवं चक्रासन जैसी विविध योग मुद्राओं में तिरंगा फहराकर एवं वंदन करते हुए राष्ट्रभक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को गहराई से प्रभावित किया। इसके बाद डॉ. निशा जोशी के मार्गदर्शन में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जो सोडानी डायग्नोसिस के सहयोग से संपन्न हुआ। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श का लाभ लिया।

## वसंत उत्सव में ग्रामोदय से अभ्युदय का अनूठा आयोजन संपन्न

दैनिक इंदौर संकेत

**सांवेर** ● नगर विकास प्रस्फुटन समिति सांवेर और नवांकुर संस्था मुकाता सेक्टर - 01 सांवेर द्वारा आज वसंत पंचमी उत्सव के शुभ अवसर पर चार भुजानाथ मंदिर परिसर में ग्रामोदय से अभ्युदय कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें वेद पाठी बटुकों सहित समिति अध्यक्ष आचार्य आनंद शुक्ला ने आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा रचित ललिता पञ्चरत्नम् के मंत्रोच्चार के साथ वीणा वादिनी मां सरस्वती जी का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए शुक्ला ने बताया कि स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने से हम आत्मनिर्भर बन सकते हैं, इसके लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास करना होंगे और युवाओं को अपनी ऊर्जा नवीन कार्य आरम्भ करने में लगाना होगी। लोगों को अपने अपने घरों में औषधीय पौधों को लगाने के लिए प्रेरित किया, जल संरक्षण के लिए अपने अपने घरों की छतों के पानी को वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के जरिए जमीन या बोरिंग में उतारने की सलाह दी साथ ही बताया कि हम सभी को प्लास्टिक का उपयोग बंद करना ही होगा। इस अवसर पर आचार्य जी द्वारा कन्या व मातृशक्ति भोज का आयोजन भी किया गया।



## इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज के छात्रों बीएसएफ के दीक्षांत समारोह में भाग लिया

दैनिक इंदौर संकेत

**सांवेर** ● इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज के छात्रों ने आज बीएसएफ के दीक्षांत समारोह में भाग लेकर एक यादगार अनुभव प्राप्त किया। यह आयोजन छात्रों के लिए प्रेरणादायक रहा, जहां उन्होंने सीमा सुरक्षा बल की परेड और शपथ ग्रहण समारोह को नजदीक से देखा।

**समारोह का विवरण**- बीएसएफ का दीक्षांत समारोह 23 जनवरी 2026 को इंदौर के बीएसएफ कैम्प में आयोजित हुआ, जिसमें कॉलेज के चयनित छात्रों को विशेष आमंत्रण मिला। परेड में नई भर्तियों ने राष्ट्र के प्रति समर्पण की शपथ ली, जो छात्रों के लिए अनुशासन और देशभक्ति का प्रतीक बनी।

**छात्रों की प्रतिक्रिया**- कॉलेज के छात्रों ने इस अवसर को उत्साहपूर्वक स्वीकार किया और सोशल मीडिया पर अपनी खुशी साझा की। उन्होंने बीएसएफ के साहस और प्रशिक्षण की सराहना की, जो उनके भविष्य के करियर विकल्पों के लिए प्रेरणा स्रोत बना। यह दौरा कॉलेज की औद्योगिक/सैन्य भ्रमण परंपरा का हिस्सा था। शैक्षणिक महत्वयह कार्यक्रम छात्रों को वास्तविक जीवन के अनुशासन से जोड़ता है, खासकर इंदौर इंटरनेशनल कॉलेज के प्रशासनिक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के संदर्भ में। ऐसे आयोजनों से छात्रों का व्यक्तित्व विकास होता है और राष्ट्रीय सेवा के प्रति जागरूकता बढ़ती है।

## शहर के यातायात के बिगड़ैल ढर्रे को रास्ते पर लाने के लिए लोक परिवहन के साधन बढ़ाएं-आशीष वर्मा

दैनिक इंदौर संकेत

**सांवेर** ● स्वच्छता में आठ बार नंबर वन का ख़िताब पाने वाले इंदौर शहर में आज भी सबसे बड़ी और ज्वलंत समस्या यातायात को लेकर बनी हुई है। विडम्बना यह है कि यहाँ आने वाले सभी शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी यातायात व्यवस्था सुधारने को अपनी पहली चुनौती मानते आ रहे हैं लेकिन इसके बावजूद आज तक यातायात का ढर्रा जस का तस बना हुआ है। झंडा ऊँचा रहे हमारा अभियान के तहत संस्था सेवा सुरभि ने शनिवार को इंदौर प्रेस क्लब की सहभागिता में राजेंद्र माथुर सभागृह में बेंगलुरु के इंस्टीट्यूट ऑफ़ साइंस एंड रिसर्च सेंटर के विशेषज्ञ आशीष वर्मा को आमंत्रित कर 'शहर का यातायात, परिदृश्य और समाधान' विषय पर प्रभावी परिचर्चा का आयोजन किया। वर्मा ने प्रोजेक्टर की मदद से अपने अध्ययन के निष्कर्ष भी बताए और शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए जो महत्वपूर्ण सुझाव दिए उनमें सबसे महत्वपूर्ण बातें ये रही कि बस सेवाओं अर्थात लोक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए।

## एमपी पुलिस के पहले 'डिजिटल मालखाना' की शुरुआत

### अब क्यूआर कोड स्कैन कर, जब्त माल की हो सकेगी स्मार्ट ट्रैकिंग व सुरक्षा

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● वरिष्ठ अधिकारी वेब और मोबाइल डैशबोर्ड के जरिए कहीं से भी मालखाने की निगरानी कर सकेंगे। डिजिटल ट्रैकिंग के कारण प्रॉपर्टी के गुम होने या चोरी होने का भय नहीं रहेगा। भविष्य में इसे बायोमेट्रिक्स और सीसीटीवी से भी जोड़ा जाएगा। मप्र पुलिस अब हाईटेक होती जा रही है, अपराधों पर नियंत्रण और खुलासों में आधुनिक तकनीकी साक्ष्यों का उपयोग कर अपराधियों की नकेल कसने वाली पुलिस अब मालखानों में रखे गए जब्त सामान और साक्ष्यों की भी आधुनिक तरीके से सुरक्षा करेगी इस क्रम में आज इंदौर पुलिस कमिश्नरेट ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इंदौर पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने आज थाना गांधी नगर नगरीय इंदौर में प्रथम डिजिटल मालखाना का विधिवत शुभारंभ किया जो मध्य प्रदेश पुलिस के इतिहास में भी प्रथम है, बता दें क्यूआर-कोड आधारित स्मार्ट ट्रैकिंग के माध्यम से अब केस प्रॉपर्टी (जब्त माल) का संग्रह, सुरक्षा और निगरानी पूरी तरह पारदर्शी और रियल-टाइम होगी।

**डिजिटली होगी निगरानी** - डिजिटलाइजेशन की मुख्य प्रक्रिया मध्यप्रदेश पुलिस की एससीआरबी शाखा के सहयोग से संचालित की गई है, इसकी मदद से संचालित इस प्रोजेक्ट के तहत पारंपरिक मालखाना प्रणाली को पूरी तरह बदल दिया गया है, अब इसकी निगरानी आधुनिक तकनीक के माध्यम से की जाएगी

**डेटा एंट्री:** जब्त माल का विश्लेषण कर उसके फोटो, दस्तावेज और संबंधित अधिकारी के हस्ताक्षर डिजिटल मालखाना सॉफ्टवेयर पर अपलोड किए जाते हैं।

**यूनिक कोडिंग:** प्रत्येक वस्तु के लिए एक यूनिक बार-कोड जनरेट होता है, जिसे संबंधित माल पर चस्पा किया जाता है।

**स्मार्ट स्टोरेज:** जिस बॉक्स में माल रखा जाता है, उस पर ক্যূআর-कोड लगाया जाता है, जिससे उसकी लोकेशन तुरंत ट्रेस की जा सके। यही प्रक्रिया वाहनों और अन्य बड़ी संपत्तियों के लिए भी लागू की गई है।

**डिजिटल मालखाना की विशेषताएं**- रियल-टाइम एक्सेस: प्रॉपर्टी के प्रकार, मात्रा और स्थिति की जानकारी एक क्लिक पर उपलब्ध होगी।

**सुरक्षित प्रबंधन:** डिजिटल ट्रैकिंग के कारण प्रॉपर्टी के गुम होने या चोरी होने का भय नहीं रहेगा। भविष्य में इसे बायोमेट्रिक्स और सीसीटीवी से भी जोड़ा जाएगा।

**त्वरित ऑडिट:** निरीक्षण के दौरान अब मैनुअल रजिस्टर खोजने की जरूरत नहीं होगी; सॉफ्टवेयर स्वत: स्टॉक रिपोर्ट और लॉग हिस्ट्री जनरेट करेगा।

## सीएम और सीएस भी मान रहे डीएम भ्रष्ट हैं, क्योंकि पैसों से पोस्टिंग हो रही-पटवारी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस जीतू पटवारी ने इंदौर में कांग्रेस के गांधी भवन में ध्वज फहराया। इस मौके पर उन्होंने बीजेपी और सरकार पर जमकर हमला बोला। खासकर कलेक्टर कांफ्रेंस में सीएस अनुराग जैन के बयान को लेकर- सीएम बोलते हैं कि कोई भी कलेक्टर बिना पैसे लिए काम नहीं करता, इस पर निशाना साधा। पटवारी ने कहा कि यह इसलिए हो रहा है क्योंकि कलेक्टरों की पोस्टिंग पैसों से हो रही है। पलटकर वे बीजेपी के नौकर, कार्यकर्ता के रूप में काम करते हैं। यह संवैधानिक संकट की स्थिति है। वहीं गणतंत्र दिवस पर लंबे समय बाद गांधी भवन पर कांग्रेसियों की भीड़ नजर आई।

**इतनी बड़ी घटनाएं, फिर भी किसी मंत्री का इस्तीफा नहीं**-



पटवारी ने कहा कि मप्र में इतनी बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं। एमवाय में चूहाकांड हुआ, भागीरथपुरा में 28 मौतें हो गई है। मंत्री विजय शाह सेना पर अनर्गल बयान दे रहे हैं, लेकिन किसी का भी इस्तीफा नहीं हुआ। भागीरथपुरा में यह सामने आया, महू में भी बच्चे बीमार हुए, एक गिलास शुद्ध पानी भी नहीं दिया जा रहा है।

**अवैध नाम जोड़े तो कराऊंगा एफआईआर**-वहीं एसआईआर पर पटवारी ने कहा कि इसके लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ता नजर रखे हुए हैं। हर बूथ की मतदाता सूची पर ध्यान है। यदि किसी चुनाव अधिकारी, बीएलओ ने अवैध नाम जोड़ा या वैध नाम काटा तो इसमें एफआईआर के प्रावधान हैं। एक साल की सजा का भी प्रावधान है। कांग्रेस सभी को चेतावनी दे रही है कि ऐसा कोई काम मत करें, नहीं तो बीएलओ के लिए सलाखों के पीछे जाना तय है।

**संविधान और लोकतंत्र को बचाना है**-पटवारी ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज देश के 20 फीसदी लोगों के पास 80 फीसदी संपत्ति है। यह चिंता का विषय है। अमीर, अमीर हो रहा है और गरीब, गरीब। बीते दो सालों में मप्र से सबसे ज्यादा नकारात्मक खबरें आई हैं। यह चिंता की बात है।

## केयर सीएचएल का एक और कारनामा, मरीज भर्ती और अस्पताल में हैवी मशीनों से काम, जिम्मेदार निगम, स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर के एलआईजी चौराहा स्थित केयर सीएचएल अस्पताल का एक और कारनामा सामने आया है। अस्पताल पहले ही आयुष्मान मरीजों से राशि लेने में तीन-तीन नोटिस पा चुका है। अब यहां पर बिना सक्षम मंजूरी के ही अस्पताल परिसर में हैवी मशीन लगाकर काम किया जा रहा है। ये सब तब हो रहा है जब अस्पताल में मरीज भर्ती हैं, खासकर बायपास और हार्ट के मरीज कार्डियक यूनिट में भर्ती हैं। इस सब पर नगर निगम के जिम्मेदारों की चुप्पी है। वहीं स्वास्थ्य विभाग भी मरीजों की परेशानियों को नजरअंदाज किए बैठा है।

**रविवार को हुआ बवाल**- रविवार को आईसीयू में भर्ती गंभीर मरीजों ने अस्पताल में चल रही भारी मशीनों की आवाज पर आपत्ति जताई। मशीनों के शोर से




मरीजों को घबराहट हुई और कई मरीजों का ईसीजी भी बिगड़ गया।

इस पर मरीजों के परिजनों ने विरोध किया और सोशल मीडिया पर इसके बारे में पोस्ट किए। इसके बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने फोन करके काम रोकवाया। वहीं निगमायुक्त क्षितिज सिंघल सिर्फ मामले की जांच करने की बात कहते रहे।

**पार्षद एक महीने पहले कर चुके शिकायत**-इस मामले में वार्ड 45 की पार्षद सोनिला मिमरोट ने एक महीने पहले ही शिकायत की थी। उन्होंने कहा था कि यहां बिना मंजूरी के अवैध निर्माण हो रहा है और पार्किंग एरिया को कवर किया जा रहा है। लेकिन इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

**स्वास्थ्य प्रोटोकॉल को ताक पर रखा**-अस्पताल के पास पहले से नगर निगम की मंजूरी नहीं है। ये अस्पताल खासतौर पर हार्ट बीमारियों के इलाज के लिए है, लेकिन यहां के इलाज के प्रोटोकॉल को नजरअंदाज किया जा रहा है। हैवी मशीनों, कटर और ड्रिल से काम हो रहा है, जिससे आईसीयू में भर्ती मरीजों को परेशानियां बढ़ रही हैं।

डॉ. माधव हसानी का कहना है कि इस निर्माण काम को लेकर पहले शिकायत आई थी और नोटिस भी दिया गया था। उन्होंने 15 दिन में काम पूरा करने की बात की थी, लेकिन उनका वक्त अब पूरा हो चुका है। अब जिम्मेदारों के पास इसका कोई जवाब नहीं है कि जब मरीज भर्ती हैं, तो अस्पताल में निर्माण कैसे हो सकता है, क्योंकि ये प्रोटोकॉल के खिलाफ है। इससे मरीजों को संक्रमण का खतरा हो सकता है। वहीं अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि उन्होंने काम बंद करवा दिया है।

# यशवंत क्लब को मिले 43 नए सदस्य

## अविनाश मेहता को सबसे ज्यादा 43 वोट मिले, कई बड़े नाम बाहर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● यशवंत क्लब में विवादों और शिकायतों के बीच में आखिरकार नई सदस्यता की सूची फाइनल हो गई। पहले चरण में 57 सदस्य बने थे। बाकी बचे आवेदकों के लिए 25 जनवरी रविवार को हुई वोटिंग प्रक्रिया से 43 और नए सदस्य चुन लिए गए। वहीं बाहर हुए नामों में कई बड़े शामिल है। यशवंत क्लब में नए 43 सदस्य बनाने के लिए वोट आज, लेकिन वोटिंग कमेटी और प्रक्रिया पर फिर उठे सवाल




### यह चुने गए 43 नए सदस्य

वोटिंग कमेटी के 50 सदस्यों के सबसे ज्यादा वोट अविनाश मेहता को गए। उन्हें 43 वोट मिले। वहीं रचिता जैन और नितिन मतलानी को 41-41 वोट मिले। 40-40 वोट पाकर मयंक बंसल, मयूर नवलानी, सौरभ डाफरिया, सीए यश खंडेलवाल, रोहित शुक्ला, अमित गोयल, आशीष जायसवाल, विशाल गोयल व यसेश मूलचंदानी शामिल रहे। इसके बाद 39-39 वोट नीलेश सवलानी व सौरभ ढींगरा को मिले। वहीं 38 वोट एक जैसे 11 सदस्यों को मिले, इसमें मयंक बगानी, हेमंत सिंघई, ध्रुव नीमा, अंकुर गुप्ता, संजय गांधी, तशलिश चड्ढा, शैलेष बोकडिया वैभव जैन, कुबेर चुगव प्रकाश निगम शामिल है। गौरव मेहता, गौरव चावला व निवेश बड़जात्या को 37-37 वोट मिले।

सम्यक मोदी, नीलेश काबरा व सुनील सोजतिया, मनोज शुक्ला, अभिषेक पारेख, अमित पारिख, रौनग बगानी, अजय आसुदानी, मोनिषा कस्तूरी को एक जैसे 36-36 वोट मिले और सदस्यता के लिए चुने गए। भरत शाह व गिरीश अग्रवाल, अपूर्व कोठारी, विनीत सुरेखा, अमित नाहर को 35-35 वोट मिले।

### यह सभी हुए बाहर

वहीं कटऑफ वोट पाकर भी अरूण गुप्ता, अमरिंदर घुम्मन, आनंद मूंदड़ा व असीम पारिख बाहर हो गए। इसके साथ ही कम वोट के कारण अंकुर अग्रवाल, चिराग गर्ग, शरद अग्रवाल, विवेक दम्मानी, राहुल गोयल, ज्योति बंगलोवाला, सुयश साहरा, धीरज कोहली व श्रीराम मिश्रा बाहर हो गए।



## भोपाल की ताल के चौपाल से



# बैठक में बहके साहब, कलेक्टर साहब का बंगला और कलेक्टर मैडम की वो रेट लिस्ट!

बोल हरि बोल



हरीश दिवेकर

मध्यप्रदेश में एक भ्रष्टाचार विवाद सुर्खियां बटोर रहा है। कलेक्टर साहब के बंगले से लेकर कलेक्टर मैडम की रेट लिस्ट तक, इन मसलों ने राजनीति और प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। आज के बोल हरि बोल में पढ़िए इन घटनाओं के बारे में विस्तार से... प्रदेश में क्या चल रहा है...आज के मौसम को देखकर आप कह सकते हैं कि सर्दी चल रही है...कोहरा चल रहा है, लेकिन हम कह रहे हैं कि सूबे में साहब का बयान चल रहा है। कलेक्टर मैडम की रेट लिस्ट चल ही है और सत्ताधारी दल में टेंशन चल रही है। पूरा हफ्ता बड़े साहब के एक बयान को लेकर सुर्खियों में है। देश के दिल से लेकर दिल्ली तक बस भ्रष्टाचार को लेकर बातें हो रही हैं। कोई साहब पर तंज कस रहा है, कोई उनकी बेबाकी की तारीफ कर रहा है।

### झूठ बोले कौआ काटे...

सूबे के बड़े साहब हाल ही में एक वर्चुअल बैठक में ऐसे बहके कि बात खुद तक सीमित नहीं रही, बल्कि उन्होंने डॉक्टर साहब तक को अनचाही कंट्रोवर्सी की कतार में ला खड़ा किया। चर्चा कलेक्टरों के काम की हो रही थी, लेकिन बात कब भ्रष्टाचार के समंदर में गोता लगा गई, किसी को पता ही नहीं चला। मीडिया ने बात ऐसे उठाई कि सात समंदर पार बैठकर वैश्विक मेहमानों से मुस्कुराते हुए हाथ मिलाते डॉक्टर साहब तक भी खबर पहुंच गई। नाम जुड़ते ही वहीं से नाराजगी के संकेत भी आने लगे। इसके बाद डैमेज कंट्रोल मोड ऑन हुआ। बड़े साहब की तरफ से स्पष्टीकरण जारी हुआ। समझाने की कोशिश कि ऐसा तो कुछ कहा ही नहीं गया, मीडिया ने बात को तोड़-मरोड़ दिया। लेकिन दिक्कत ये है कि उस वर्चुअल बैठक में सिर्फ कैमरे ही नहीं थे, पूरे प्रदेश के आईएएस-आईपीएस अफसर भी थे। अब उन्हें बार-बार वही गाना याद आ रहा है कि झूठ बोले कौआ काटे... काले कौवे से डरियो...। कई अफसरों ने हमे फोन घनघनाकर बड़े साहब की शब्दश: बात कहने की मंशा भी बताई। इसे हम यहां लिख नहीं सकते। उधर, आईएएस अफसर अपने अपने बैचमेट्स के ग्रुप में बड़े साहब के इस बयान को लेकर निगेटिव रिएक्शन दे रहे हैं। बड़े साहब का कहने का मकसद था कि ईमानदारी से कम करो, लेकिन एक साथ सबको भ्रष्ट बोलकर उलझ गए।

### प्रमोटी अफसरों का अलग राग

बड़े साहब को लेकर एक शिकायत प्रशासनिक गलियारों में घूमती रहती है कि उनका चश्मा जरा ज्यादा ही डायरेक्ट आईएएस फोकस्ड है। बाकी सब उन्हें साइड व्यू में नजर आते हैं। अब जब साहब ने हालिया बैठक में भ्रष्टाचार वाला बयान उछाल दिया तो इसका असर सिर्फ बाहर नहीं, अंदर भी जोरदार पड़ा। खासकर प्रमोटी अफसरों के व्हाट्सऐप ग्रुप एक्टिव मोड में आ गए। वहां चर्चा का सुर दिलचस्प है। प्रमोटी लॉबी पूछ रही है कि साहब ने ये तो बताया ही नहीं कि भ्रष्ट कौन है? डायरेक्ट वाले या प्रमोटी उनका कहना है कि प्रमोटी अफसर होते तो सीधा नाम लेकर भरी मीटिंग में ही हड़का दिया जाता, लेकिन डायरेक्ट वालों के साथ ऐसा नहीं कर सकते... इसलिए साहब ने सभी को एक ही लाठी से हांक दिया।

### कप्तानों ने किया शर्मसार

सूबे के बड़े साहब की हालिया वीसी में खाकी का पूरा तामझाम मौजूद था। खाकी वाले बड़े साहब पूरी संजीदगी से स्क्रीन पर जमे रहे, लेकिन मैदान में तैनात कई कप्तान बैठक को शायद औपचारिकता समझ बैठे। नतीजा ये हुआ कि कुछ साहब बीच बैठक से ही कल्टी मार गए। जब बड़े साहब की नजर पड़ी तो लहजा बदला। बिना किसी लाग-लपेट के संदेश दे दिया कि आगे से बैठक बीच में छोड़कर जाने की आदत मत डालिए, चाहे आपके मुखिया बैठक में हों या न हों। इतना सुनते ही माहौल में खामोशी छा गई। खाकी वाले बड़े साहब को भी थोड़ी शर्मिंदगी महसूस हुई, आखिर सवाल उनके अनुशासन पर भी आकर टिकता है। बैठक खत्म होते-होते एक नई चर्चा ने जन्म ले लिया कि क्या अब कप्तानों पर खाकी वाले साहब का खौफ कम हो गया है? या फिर कप्तानों ने मान लिया है कि वीसी से निकल जाना कोई बड़ी बात नहीं?

### कलेक्टर मैडम की बल्लेबाजी

बड़े साहब का भ्रष्टाचार वाला बयान मीडिया में हाईलाइट क्या हुआ, मैदानी अफसरों की बल्लेबाजी का स्कोरकार्ड बाहर आने लगा है। ताजा चर्चा मालवा-निमाड़ अंचल की एक महिला कलेक्टर को लेकर है। खबर है कि मैडम ने काम के बदले भाव-ताव को बाकायदा रेट लिस्ट का रूप दे दिया है। एसडीएम से लेकर तहसीलदार तक सब मैडम के नाम पर काम करवाने की गारंटी दे रहे हैं। अब आप पूछेंगे कि मैडम का नाम क्या है? तो जनाब, सब्र कीजिए...। मैडम का नाम आएगा और वो भी प्रमाण के साथ। वैसे भी, हम तो बड़े साहब के ही शब्दों पर चल रहे हैं। उन्होंने पहले ही कह दिया है कि कलेक्टर बिना लिए-दिए काम नहीं करते। नाम उन्होंने नहीं लिया, नाम हम लेकर आएंगे। हमारी टीम पूरी शिद्दत के साथ सबूत और गवाह जुटाने में लगी है। जल्द ही कुंडली आपके सामने होगी।

### वोट कटे तो माथे पर शिकन

एसआईआर की सबसे ज्यादा पैरवी करने वाली पार्टी अब खुद ही चिंता की मुद्रा में है। वजह साफ है कि सूची से लाखों नाम कट गए हैं। जब वोटर लिस्ट में इतनी बड़ी सफाई हो जाए तो संगठन की नींद उड़ना लाजमी है। अब भरपाई करने के लिए पार्टी का पूरा तंत्र एक्टिव मोड में आ गया है। अब पार्टी के बड़े नेताओं का ध्यान हर चार महीने में होने वाले संक्षिप्त वोटर रिवीजन पर टिक गया है। पार्टी की नई रणनीति का फोकस 18, 19 और 20 साल के युवाओं पर रहेगा। यानी फॉर्म-6 की फाइलें अब नेताओं और कार्यकर्ताओं की सबसे पसंदीदा किताब बनने वाली हैं। लक्ष्य यही है कि जो पहली बार वोट डालने की उम्र में हैं, उन्हें हर हाल में मतदाता सूची तक पहुंचाया जाए। उधर, आयोग के सामने जिन 20 लाख से ज्यादा शिफ्टेड और गैरहाजिर वोटरों के नाम कटने की बात रखी गई है, उसे लेकर पार्टी के भीतर अलग बहस चल रही है। दलील दी जा रही है कि कई नाम तो जटिल प्रक्रिया और कुछ जगहों पर बीएलओ की लापरवाही की भेंट चढ़ गए। विपक्षी कह रहे हैं कि जो पार्टी कल तक एसआईआर की सबसे बड़ी समर्थक थी, आज उसी प्रक्रिया के नतीजों को मैनेज करने में जुटी है।

### मुफ्त का चंदन, घिर मेरे नंदन!

यह कहावत इन दिनों बुंदेलखंड के एक जिले में तैनात कलेक्टर साहब पर सटीक बैठती है। साहब की पहचान उनकी फाइलों से कम और लग्ज़री पसंद से ज्यादा हो रही है। कहते हैं, जहां भी साहब की तैनाती होती है, वहां बंगले की किस्मत चमक जाती है। रंग-रोगन, इंटीरियर, सजावट...सब कुछ ऐसा कि सरकारी बंगला देखते ही देखते पर्सनल विला जैसा लगने लगे। ठेकेदार भी खुश-खुश काम शुरू कर देता है, क्योंकि काम साहब के बंगले का होता है, लेकिन कहानी का ट्विस्ट काम पूरा होने के बाद आता है। ताजा चर्चा है कि मौजूदा जिले में बंगले पर लग्जरी काम तो पूरे शौक से करवाया गया, लेकिन भुगतान की फाइल अब भी किसी अलमारी की शोभा बनी हुई है। ठेकेदार इधर-उधर चक्कर काट रहा है और उधर साहब उसे टरका रहे हैं। परेशान होकर ठेकेदार ने अब मीडिया को पूरी खबर दे दी है। यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले विंध्य के एक जिले में पदस्थापना के दौरान भी कुछ ऐसा ही हुआ था। वहां भी साहब के बंगले ने नया रूप लिया और ठेकेदार को बस धैर्य रखने की सलाह मिली थी।



## शासकीय कन्या मा.वि. विनोबा नगर में 77 वे गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● 77 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रांगण में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के आतिथ्य में संपन्न हुआ उक्त अवसर पर माता सरस्वती जी की पूजा अर्चना कर माल्यार्पण कर तत्पश्चात ध्वज वंदन क्षेत्र के गणमान्य अतिथि श्री महेश जी वर्मा,जयदेव जी केथवास एवं विद्यालय के पालक शिक्षक संघ की अध्यक्ष श्रीमती पिंकी कैथवास द्वारा ध्वज को सलामी देकर ध्वज फहराया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय प्रभारी श्रीमती आराधना उपाध्याय द्वारा अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का पुष्पमालाओं द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के श्री आलोक परमार,श्रीमती मंजू चौहान, श्रीमती उमा पाठक,श्रीमती पूजा पाल एवं श्री संजय विजयवर्गीय, के साथ श्रीमति सपना एवं मधु भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन श्री आलोक परमार एवं आभार विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती पूजा पाल द्वारा किया गया।

# विंध्याचल सोशल ग्रुप का वार्षिकोत्सव सम्मेलन सम्पन्न



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● सामाजिक संस्था विंध्याचल सोशल ग्रुप के मीडिया प्रभारी डॉ आर एन मिश्रा ने बताया कि ग्रुप का 20 वा वार्षिकोत्सव स्नेह सम्मेलन होटल ब्लू लीफ बिचौली मर्दाना में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में 4500 से अधिक विंध्य जनों की उपस्थिति रही। आज वार्षिकोत्स में ऐसा लगा कि मानो समूचा विंध्य क्षेत्र मालवा की धरती इंदौर में उपस्थित हो गया हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विंध्य क्षेत्र के सीधी सिंगरौली से सांसद डॉ राजेश मिश्रा थे। विशिष्ट अतिथि मध्यप्रदेश शासन के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट इंदौर सांसद शंकर लालवानी इंडिगो एयरलाइंस के उपाध्यक्ष वरुण द्विवेदी, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, आर,एक द्विवेदी, समाजसेवी सुनील सिंह बघेल डॉ अरविंद शुक्ला पूर्व एडिशनल एस पी तरुणेंद्र सिंह बघेल विंध्यवासिनि मित्र मंडल देवास के राम पदार्थ मिश्रा सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ समाजसेवी सतीश दुबे ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्रुप की आराध्य देवी शारदा माता जी के पूजन एवं बंदना से हुई। साथ ही गणतंत्र दिवस के पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय गीतों की प्रस्तुतियां भी दी गई। स्वागत भाषण एवं ग्रुप की संपूर्ण जानकारियां, ग्रुप का प्रतिवेदन ग्रुप के सचिव दिलीप मिश्रा ने दिया। साथ ही ग्रुप सचिव दिलीप मिश्रा इंदौर से रीवा के बीच हवाई जहाज की सुविधा दिलवाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला एवं इंडिगो के उपाध्यक्ष वरुण द्विवेदी एवं मध्यप्रदेश शासन का आभार माना। ग्रुप के अध्यक्ष आर पी शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों से अम्बेडकर नगर इंदौर रीवा ट्रेन को नियमित करने की मांग की। एवं इंडिगो एयरलाइंस के उपाध्यक्ष वरुण द्विवेदी से इंदौर रीवा के बीच संचालित फ्लाइट का किराया और कम करवाने हेतु मांग रखी।

# बिजली कंपनी मुख्यालय में 80 कार्मिकों का सम्मान, 10 को रजत सिक्के

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इंदौर के पोलो ग्राउंड इंदौर स्थित मुख्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह उल्लासित माहौल में मनाया गया। यहां कंपनी के प्रबंध निदेशक अनूप कुमार सिंह ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर ध्वज वंदन किया। इसके बाद कर्मचारियों, अधिकारियों के नाम प्रबंध निदेशक का उद्बोधन हुआ। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में 7700 मैगावाट से ज्यादा बिजली मांग होने पर कुशलता से आपूर्ति की गई है, उन्होंने विद्युत सुरक्षा नियमों के अक्षरश: पालन करने एवं हादसों में कमी लाने का आह्वान किया। सिंह ने करीब 80 कर्मचारियों, अधिकारियों को शासन, कंपनी, उपभोक्ताओं की सेवा को लेकर अच्छा कार्य करने पर सम्मानित किया। राजस्व संग्रहण में श्रेष्ठतम कार्य करने पर 10 कर्मचारियों , अधिकारियों को रजत (चांदी) के सिक्के भेंट किए गए। इस अवसर पर ऊर्जस एप पर फ्यूज आफ काल समाधान सेवा की लाइव ट्रैकिंग दर्शाने वाली तकनीकी प्रक्रिया को लेकर तैयार एप की लांचिंग भी करतल ध्वनि के साथ की गई। एप के बारे में जानकारी मुख्य अभियंता श्री कामेश श्रीवास्तव ने दी। इधर कंपनी में लाइन कर्मचारी शोएब बख्शी को हाकी में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन पर जबलपुर में ऊर्जा सचिव श्री विशेष गढ़पाले ने सम्मानित किया।



## वार्ड 65 की जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस करेगा मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● ब्लॉक क्रमांक 14 द्वारा वार्ड क्रमांक 65 की गंभीर जनसमस्याओं को लेकर आगामी 31 तारीख को सिंधी कॉलोनी चौराहे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला दहन किया जाएगा। यह जानकारी ब्लॉक क्रमांक 14 की अध्यक्ष गिरीश जोशी एवं विवेक खंडेलवाल ने दी। उन्होंने बताया कि वार्ड क्रमांक 65 के अंतर्गत भंवरकुआं क्षेत्र की हरिजन कॉलोनी, सिंधी कॉलोनी की बैक लाइनों में अवैध दुकानों का अतिक्रमण, जर्जर सड़कों की स्थिति, बापूनगर में गंदगी एवं अन्य मूलभूत समस्याओं से जनता दिन-प्रतिदिन परेशान हो रही है। इन समस्याओं को लेकर कांग्रेस के जन जागरण अभियान के दौरान संबंधित अधिकारियों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को 15 दिवस के भीतर समाधान करने की चेतावनी दी गई थी। इसके बावजूद जोनल अधिकारी एवं क्षेत्रीय पार्षद द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। इसी लापरवाही के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी क्रमांक 14 द्वारा 31 जनवरी को सिंधी कॉलोनी चौराहे पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

# 2 महीने से सड़क काम अधूरा, लोगों को निकलने में हो रही परेशानी

**दैनिक इंदौर संकेत**



**बुरहानपुर** ● नेपानगर शहर के वार्ड नंबर 13 में सात नंबर गेट से गणेश मंदिर तक सड़क निर्माण कार्य पिछले दो माह से ठप पड़ा है। नगर पालिका द्वारा शुरू किया गया यह काम गिट्टी बिछाने के बाद बीच में ही छोड़ दिया गया, जिससे स्थानीय रहवासियों में भारी आक्रोश है। सड़क पर केवल गिट्टी पड़ी होने के कारण वाहन चालकों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गिट्टी के कारण वाहनों के फिसलने का खतरा बना रहता है, वहीं स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए रास्ता और भी जोखिम भरा हो गया है। उन्होंने मांग की है कि सड़क का काम जल्द पूरा कराया जाए, ताकि आवागमन सुचारू हो सके और किसी दुर्घटना की आशंका न रहे। वार्ड नंबर 13 के रहवासियों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर सीएमओ और नगर पालिका अध्यक्ष से शिकायत भी की है, लेकिन अब तक सड़क निर्माण दोबारा शुरू नहीं हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील ने बताया कि फिलहाल ऊपर से भुगतान पर रोक लगी हुई है। ठेकेदार ने काम शुरू किया था, लेकिन अभी केवल गिट्टी बिछाई गई है।

## अध्यक्ष सहित 26 ट्रस्टियों के लिए हुए चुनाव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**खरगोन** ● 13 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद रविवार को बीसा नीमा महाजन समाज ट्रस्ट मंडल के चुनाव राधाकुंज मांगलिक परिसर में हुए। समाज में बदलाव और पारदर्शिता लाने की उम्मीद के साथ समाज के सभी वर्गों ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। युवाओं और महिलाओं की बड़ी भागीदारी के कारण करीब 90 फीसदी वोटिंग हुई, जो अपने आप में रिकॉर्ड मानी जा रही है। समाज के ट्रस्ट में 26 ट्रस्टियों के लिए लगभग 69 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इसमें पांच महिला ट्रस्टी पदों के लिए 14 और 21 पुरुष ट्रस्टियों के लिए 55 उम्मीदवार मैदान में हैं। चुनाव को लेकर समाज में खासा उत्साह और उमंग देखा गया। चुनाव में तीन पैनलों सहित निर्दलीयों के बीच कांटे की टक्कर रही। रविवार को सुबह 9 बजे से राधाकुंज परिसर में मतदाताओं का जमावड़ा शुरू हो गया। समिति ने कुछ महीने पहले वोटर लिस्ट तैयार की थी। चुनाव पदाधिकारियों ने चुनाव परिणाम रविवार देर रात तक आने की संभावना जताई।


## आयुर्वेदिक कॉलेज में भवन बनाने 90 लाख मिलेंगे: अर्चना चिटनिस

**दैनिक इंदौर संकेत**

**बुरहानपुर** ● पं. शिवनाथ शास्त्री शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय को नया व्याख्यान कक्ष भवन निर्माण के लिए 90 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह स्वीकृति मध्य प्रदेश आयुष संचालनालय द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत राज्य वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 के अंतर्गत जारी की गई है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति को विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस के प्रयासों का परिणाम बताया जा रहा है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार का आभार व्यक्त किया है। अर्चना चिटनिस ने कहा कि यह स्वीकृति बुरहानपुर के विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक अहम कदम है। नए व्याख्यान कक्ष भवन के निर्माण से महाविद्यालय की शैक्षणिक अधोसंरचना एनसीआईएसएम, नई दिल्ली के मानकों के अनुरूप विकसित होगी, जिससे विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। पूर्व में भी अर्चना चिटनिस के प्रयासों से महाविद्यालय के विकास के लिए 16 करोड़ 75 लाख रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है।इस राशि तथा फार्मेसी भवन के निर्माण को मंजूरी दी गई थी।इन निर्माण कार्यों से विद्यार्थियों की आवासीय एवं अध्ययन सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।


HAPPY गणतंत्र दिवस 26 JANUARY
पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ
सौ.से. : एक शुभेच्छुक



फैशन पैलेस
रौनक ड्रेसेस
RONAK DRESSES
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
नव श्रृंगारित फैशन पैलेस, एम. जी रोड़, देपालपुर
नव श्रृंगारित रौनक ड्रेसेस, एम. जी रोड़, देपालपुर
सुरभि गैस एजेंसी, तह. रोड़ देपालपुर
सनशाईन फिलिंग स्टेशन, इन्दौर रोड़ देपालपुर
दादी माँ का आशीर्वाद
हिन्दुस्तान पेट्रोलियम HP
Bharatgas COOK FOOD. SERVE LOVE.


गणतंत्र दिवस
पर आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ
सौ.से : विनोद गुर्जर पार्षद गौतमपुरा



गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.से : संजयसिंह गेहलोत नेवरी


गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच प्र.
नारायणसिंह पटेल
सौजन्य से : ग्राम पंचायत पिपलोदा


गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सौ.से : कल्याणसिंह दयाल सरपंच बड़ोली होज


SUN SHINE
Filling Station
सुरभि गैस एजेंसी
की और से आप सभी को
राष्ट्रिय पर्व
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाऐं
सौ.से. : मुकेश जैन (देपालपुर)


भरोसा व विश्वास का प्रतिक
श्री राजवीर कंस्ट्रक्शन
रेती, गिट्टी, धुला, चुरी
बालुरेती उपलब्ध है।
जेसीबी डम्पर किराये के लिये सम्पर्क करें।
गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
प्रो. देवराज मकवाना
7049594902, 9981794527
संदीप मकवाना
मो. 9589972159
स्थान-बेटमा रोड़, ठाकुर पेट्रोल पम्प के पास, देपालपुर


गणतंत्र दिवस
की आप सभी को हार्दिक शुभकामनाएं
सरपंच प्र.
बद्रीलाल गेहलोत सेठ
सौ. से. ग्राम पंचायत नेवरी




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : **अक्षय तिवारी** द्वारा मेसर्स डी.बी. कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरुद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। **आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650**
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।